भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1412

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग

1412. डॉ. संबित पात्रा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओडिशा राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को ओडिशा में चार नए राजमार्गों के निर्माण हेतु प्रस्ताव भेजा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भुवनेश्वर-पुरी राजमार्ग परियोजना सहित इन राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए तकनीकी-व्यवहार्यता अध्ययन कराया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इन प्रस्तावित चार राजमार्गों को कब तक स्वीकृति प्रदान किए जाने की संभावना है और उक्त राजमार्गों के निर्माण हेतु निधि जारी करने में कितना समय लगने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हाँ, ओडिशा सरकार ने ओडिशा में नए राजमार्ग के निर्माण के लिए निम्नानुसार दो प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैः

i. राष्ट्रीय राजमार्ग -316 के भुवनेश्वर-पुरी खंड के मौजूदा चार लेन को 6 लेन (दोनों ओर 2 लेन सर्विस रोड के साथ) का चौड़ीकरण।
ii. ओडिशा राज्य में बड़बिल से चंडीकोल तक दोनों ओर 2 लेन सर्विस रोड सहित 6 लेन का निर्माण ।

(ख) और (ग) उपर्युक्त खंड के लिए तकनीकी-व्यवहार्यता अध्ययन सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का कार्य प्रस्तावित है। इन खंडों की मंजूरी और निर्माण के बारे में निर्णय डीपीआर के परिणाम, मानदंडों की पूर्ति, संपर्कता की आवश्यकता, पारस्परिक प्राथमिकता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर लिया जाएगा।

*****